शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के लिए स्कूली शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार - 2018 और 2019

सत्यमेव जयते

प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 31.07.2020

मानव संसाधन विकास मंत्रालय - भारत सरकार, सभी राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आधीन स्वायत्त शैक्षिक संस्थानों से राष्ट्रीय आईसीटी पुरस्कार वर्ष 2018 और 2019 के लिए नामांकन आमंत्रित करता है। प्रत्येक वर्ष के लिए पुरस्कारों की कुल संख्या 91 है। यह योजना उन शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित है, जिन्होंने विद्यालयी पाठ्यक्रम एवं विषय - शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने के लिए नवीन एकीकृत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विद्यार्थियों में आईसीटी के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न की है, जिससे खोज आधारित सहायक और सहयोगपूर्ण शिक्षा को बढावा दिया गया है।

योग्यता मानदंड

यह प्रतियोगिता संपूर्ण भारत के विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के लिए रखी गई है।

चयन व प्रविष्टि जमा करना

- विद्यालय शिक्षकों से निवेदन है कि वे अपनी प्रविष्टियों को संबंधित राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों व स्वायत्त संस्थानों (केवीएस, एनवीएस, सीबीएसई, सीआईएससीई, सीटीएसए, रक्षा मंत्रालय के अर्न्तगत चलने वाले सैनिक स्कूल इत्यादि) के निदेशक / सचिव / आयुक्त को भेजें, जो योग्यता के क्रम में अपने पुरस्कार कोटा से दोगुना शिक्षकों का चयन व सिफारिश करेंगे ।
- शिक्षकों - प्रधानाध्यपकों से अनुरोध है कि किसी भी नामांकन को सीधे सीआईईटी, एनसीईआरटी, नई दिल्ली को नही भेजें।
- विद्यालयी शिक्षकों द्वारा राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों / स्वायत्त संस्थानों के सचिव (शिक्षा) को नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि **31 जुलाई, 2020** है।
- राज्यों / केन्द्र शासित प्रदशों / स्वायत्त संस्थानों के सचिव द्वारा चुने हुए नामांकन को सीआईईटी, एनसीईआरटी में जमा करने की अंतिम तिथि **31 अगस्त, 2020** है।

अहर्यता, नियमों, शर्तो व प्रवेश फार्म संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.ciet.nic.in देखें या संपर्क करें —

संयुक्त निदेशक

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी

श्री अरविन्द मार्ग, नई दिल्ली -110016

ई-मेल : jdciet.ncert@nic.in, jointdirectorciet@gmail.com